हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

11 शिव की आराधना करने से मन को मिलती है शांति



12 तैराकी प्रतियोगिता में छाई स्कूली छात्राएं



## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाते विशाल शास्त्री।

### नाहरा-नाहरी रोड को बनवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** मंडल भाजपा प्रवक्ता विशाल शास्त्री ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर बहादुरगढ़ में जर्जर नाहरा-नाहरी रोड और झज्जर रोड को बनवाने की मांग की। हरियाणा भवन में सीएम से मुलाकात के दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने लाइनपार के वार्ड नंबर-8 की कच्ची गलियों को पक्की करवाने, सीवर और पानी की लाइनें डलवाने की मांग भी सीएम के समक्ष रखी। इस अवसर पर वरुण शर्मा, आकाश गिरोह व धीरज भी मौजूद रहे।

### बहादुरगढ़ में मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपा

**बहादुरगढ़।** गांव लोहारहेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि अश्विन तहलान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर विकास कार्यों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। तालाब की चारदीवारी, सीसी रोड, गली निर्माण, खेल स्टेडियम में ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट, बहुउद्देश्यीय हॉल और सामुदायिक केंद्र बनाने की मांग की गई। अश्विन तहलान ने सभी कार्यों को ग्रामीणों की प्राथमिक आवश्यकता बताया और शीघ्र स्वीकृति का अनुरोध किया।

### 11 को कैबिनेट मंत्री आएंगे मातनहेल

**झज्जर।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार आगामी 11 अगस्त को सुबह दस बजे गांव मातनहेल का दौरा करेंगे। सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मातनहेल स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में आयोजित 76 वें जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

### नशा विरोधी अभियान में गांजे सहित महिला काबू

**बहादुरगढ़।** नशा विरोधी अभियान के तहत थाना शहर बहादुरगढ़ पुलिस ने नागरिक अस्पताल की दीवार के पास से एक महिला को गांजे सहित पकड़ा। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में महिला की तलाशी ली गई और उसके पास 33 गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# उमस भरी तेज गर्मी से लोगों का हाल बेहाल, बाजारों की रौनक भी फीकी



**झज्जर।** कपड़े की सहायता से स्वयं को तेज धूप से बचाते युवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को निकली धूप के कारण उमस भरी तेज गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल रखा। सुबह से ही तेज धूप और चिपचिपी गर्मी के चलते लोग घरों में दुबके रहे। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अभिभावक अपने बच्चों को धूप से बचाने के लिए छतरी लेकर बाहर निकले और हर संभव एहतियात बरतते नजर आए। युवा सिर पर कपड़ा



ओढकर धूप से बचते नजर आए। गर्मी का असर बाजारों पर भी साफ देखा गया। दोपहर तक अधिकांश दुकानें सुनसान रहीं और ग्राहक न होने के कारण दुकानदार भी मायूस दिखे। गर्मी के चलते बाजारों की रौनक मानो थम-सी गई हो। हालांकि दोपहर बाद जब हल्की हवा चली और तापमान में मामूली गिरावट आई, तब जाकर बाजार में ग्राहकों का इजाफा हुआ। सामान्य दिनों की अपेक्षा बाजार में भीड़ कम रही। ऐसे में दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सयिस तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सयिस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 62 फीसदी रही। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में विशेष राहत की उम्मीद नहीं है।

## पीएम 16 अगस्त को करेंगे एनएच-344 एम-एन-पी (यूईआर-टू) का उद्घाटन

# पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों, एयरपोर्ट और गुरुग्राम से बहादुरगढ़, रोहतक व सोनीपत का सफर होगा सुगम

- केंद्रीय मंत्री गडकरी व मुख्यमंत्री सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से अर्बन एक्सटेंशन रोड-टू के नाम से शुरू हुआ प्रोजेक्ट अब नेशनल हाइवे-344 एम-एन-पी के रूप में पूरा होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अगस्त को अर्बन एक्सटेंशन रोड-टू (नेशनल हाइवे-344 एम-एन-पी) और द्वारका एक्सप्रेस-वे के दिल्ली सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। इससे दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से गुरुग्राम, बहादुरगढ़, रोहतक व सोनीपत का आवागमन सुगम हो जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बता दें यूईआर-टू का निर्माण जारी रखने से दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इंकार कर दिया था। इसके बाद सरकार ने अप्रैल-2018 व फरवरी-2019 में इसे नेशनल हाइवे के रूप में अधिसूचित कर दिया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरी तेजी से इस हाइवे के निर्माण का काम शुरू कर दिया था। अब 16 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। इस हाइवे को दिल्ली के ढिचाऊ कलां से बहादुरगढ़ बाइपास तक जोड़ा गया है और सोनीपत में बड़वासनी से बवाना तक जोड़ा गया है। दिल्ली के अलीपुर से शुरू होकर मुंडका, नजफगढ़, द्वारका से होते हुए महिपालपुर के पास दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे से जोड़ा गया है। दरअसल, तीन चरणों में बने इस राजमार्ग की कुल लंबाई 75.211 किलोमीटर है। दिल्ली के नरेला से द्वारका तक पहले चरण को एनएच-344 एम का नाम दिया गया है। इस हाइवे की लंबाई 38.111 किलोमीटर है। जबकि सोनीपत के बड़वासनी से बवाना इंडस्ट्रीयल एरिया में एनएच-344 एम से जोड़ने वाले हिस्से को एनएस-344 पी का नाम दिया गया है। इसकी लंबाई करीब 29 किलोमीटर रहेगी। इसके अलावा बहादुरगढ़ बाइपास से ढिचाऊ कलां में एनएच-344 एम से जोड़ने वाले हिस्से को एनएच-344 एन नाम दिया गया है। इसकी लंबाई कुल साढ़े 7 किलोमीटर है। दिल्ली-रोहतक राजमार्ग पर नजफगढ़ क्रॉसिंग और बालौर क्रॉसिंग के बीच में एनएच-344 एन का लिंक बना है। बहादुरगढ़ बाईपास पर एनएच-9 के लिए एनएच-344 एन का एंट्री-एग्जिट प्वाइंट तैयार चालू हो चुका है। करीब 8 हजार करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से तैयार हुई यह सड़क दिल्ली में एक अतिरिक्त पश्चिमी रिंग रोड के रूप में काम करेगी। यह नेशनल हाइवे दिल्ली के द्वारका, नजफगढ़, मुंडका, रोहिणी, बवाना, नरेला क्षेत्र से होकर गुजरेगा। अब एनएच-44 का प्रयोग कर चंडीगढ़, पंजाब और जम्मू-कश्मीर की ओर से आने वाले लोग दिल्ली एयरपोर्ट और गुरुग्राम की तरफ जाने के लिए इस वैकल्पिक मार्ग का लाभ उठा सकेंगे। इस हाइवे से सोनीपत, रोहतक, बहादुगढ़ के लोग आसानी से पश्चिमी-दक्षिणी दिल्ली और एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे।



बहादुरगढ़। रोहतक रोड पर बना एनएच-344 एन का एंट्री एग्जिट प्वाइंट।

### अभियान के दूसरे दिन आठ गौवंशों को पहुंचाया श्रीगौशाला

**झज्जर।** शहर को स्ट्रे कैटल फ्री बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत वीरवार को भी नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सड़कों व चौक चौराहों से बेसहारा गौवंशों को पकड़ कर नंदीशाला भिजवाया गया। नगर परिषद के सैनेटरी इंस्पेक्टर आनंद मलिक ने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारियों ने गौसेवकों के साथ मिलकर आठ नंदियों को पकड़ कर कच्चा बेरी रोड स्थित श्रीगौशाला पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इससे पहले भी बुधवार को उनकी टीम द्वारा 25 गौवंशों को विभिन्न गौशालाओं में पहुंचाया गया था। बता दें कि जिला प्रशासन की पहल पर बेसहारा गौवंशों को जिले की विभिन्न गौशालाओं में पहुंचाने की कवायद शुरू हो चुकी है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल के आदेशानुसार सड़कों पर बेसहारा घूमने वाले नंदियों को पकड़कर गौशालाओं में भिजवाया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने बीते मंगलवार को नगर परिषद, पशुपालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए आगामी 31 अगस्त तक बेसहारा गौवंशों को विभिन्न गौशालाओं में शिफ्ट कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने आमजन से भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग मांगा था।



**झज्जर।** कच्चा बाबरा रोड से बेसहारा गौवंश को पकड़ते गौसेवक व कर्मचारी।

#### विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

# पुलिस कमिश्नर ने कमियां मिलने पर संबंधित कर्मियों और अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

- लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने बुधवार की मध्य रात्रि बाद विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बादली, लाइनपार, सेक्टर-6 थाने, एमआईई चौकी और महिला थाना झज्जर का दौरा कर व्यवस्थाएं परखीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसरों की स्वच्छता, रिकॉर्ड की स्थिति, रसोई, जवानों के आवासीय प्रबंध और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। कुछ थानों में कमियां पाए जाने पर संबंधित कर्मियों और अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी गई।

थाना प्रबंधकों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और वांछित आरोपियों की धरपकड़ में सक्रियता बरतने के निर्देश भी दिए गए। डॉ. राजश्री सिंह ने संबंधित थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को अनदेखा नहीं किया जाए।

सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर उन्हें संबंधित जांच अधिकारी को सौंपा जाए। अपराध की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से ड्यूटी निभाने का संदेश दिया।



बहादुरगढ़। थाने में निरीक्षण करने पहुंची कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# दो मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, मिली गर्भपात की दवा, सील करने बाद एफआईआर भी दर्ज कराई

- किसी और के नाम पर पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बहादुरगढ़ में दो मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर अवैध रूप से गर्भपात की दवाइयां बेचने के मामले का भंडाफोड़ किया। ऑपरेशन जय माता दी के तहत योजना बनाकर डिकोय भेजे गए और मेडिकल स्टोर्स पर गैरकानूनी रूप से एमटीपी किट बेचते हुए आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में केस दर्ज कराया गया है। मेडिकल स्टोर सील कर दिए गए हैं।

बुधवार देर रात तक यह कार्रवाई चली। पहली कार्रवाई लाइनपार के बराही रोड पर स्थित आरके मेडिकोज पर हुई, जहां आरोपी देवेंद्र फर्जी ग्राहक को एमटीपी किट बेचते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि स्टोर किसी और के नाम पर पंजीकृत था, जबकि संचालन कोई और कर रहा था। इस पर स्टोर को सील कर लाइनपार थाने में आरोपी देवेंद्र कुमार, जितेंद्र, प्रीतम व अज्ञात सप्लायर के खिलाफ एमटीपी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराने के लिए शिकायत दी। दूसरी रेड सैनिक नगर स्थित कोमल मेडिकोज एंड क्लीनिक पर की गई। अधिकारियों के अनुसार, यहां डिकोय को एमटीपी किट बेचते हुए नरेंद्र नाम का शख्स पकड़ा गया। जांच में यहां चल रहा क्लीनिक भी बिना लाइसेंस के संचालित पाया गया। इस संबंध में एमटीपी एक्ट, नेशनल मेडिकल काउंसिल एक्ट और हरियाणा मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज कराया गया। इस अभियान का नेतृत्व पीएनडीटी के डिप्टी सीएमओ डॉ. उरेंद्र सिंह ने किया, उनके साथ डॉ. दीपक शर्मा, डीसीओ डॉ. मुकेश और विनोद मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करती टीम। फोटो : हरिभूमि

**उमंग-उत्साह** ऑनलाइन शॉपिंग ने छीनी बाजार की रौनक, कारोबार पर पड़ा रहा भारी असर

# बाजार में आकर्षक डिजाइनों में राखियां उपलब्ध, जगह-जगह लगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष रक्षाबंधन का त्योहार सावन पूर्णिमा की तिथि को मनाया जाता है। अबकी बार रक्षा बंधन नौ अगस्त को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर बाजार में राखी विक्रेताओं द्वारा आकर्षक स्टॉल सजाए गए हैं, लेकिन इस बार खरीददारों की भीड़ पिछले वर्षों की अपेक्षा कम है। दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन ने बाजार की रौनक फीकी कर दी है, जिससे इस पारंपरिक त्यौहार पर कारोबार मंदा रहा। छिक्कारा चौक पर राखी की स्टॉल लगा रहे राखी विक्रेता टिंकू जाटव ने बताया कि इस बार बाजार में बच्चों को आकर्षित करने के लिए खास सेंसर वाली घड़ीनुमा राखियां भी आई हैं। इनमें राखी के ऊपर हल्का दबाने या चुटकी बजाते ही लाइट जल उठती है, जो बच्चों के बीच खूब पसंद की जा रही है। दुकानदार करण, दिव्यांशु, यतिन, अमित, मोहित आदि ने बताया कि उनके पास पांच रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक की राखियां विभिन्न डिजाइनों में उपलब्ध है। बच्चों के लिए छोटा भीम, कृष्णा, डोरीमोन, पिकाचू, चश्मा, कार, कैमरे व लाइटिंग वाली आकर्षक राखियां उपलब्ध है। लेकिन अबकी बार बिक्री कम है। लोग ऑनलाइन ज्यादा खरीददारी कर रहे है। भाभी के लिए बनाई गई स्पेशल लूंबी वाली आकर्षक राखी की डिमांड भी है। बाजार में उपलब्ध 120 रुपये से 250 रुपये की रेंज वाली राखियों में जर्कन स्टोन, चंदन, चांदी की पॉलिस वाली स्पेशल राखी भी उपलब्ध है जिनकी चमक देखते ही बनती है।





**झज्जर।** बाजार में दुजान पर राखियों की खरीदारी करती युवती एवं महिलाएं। बच्चों के लिए बाजार में उपलब्ध आकर्षक एवं सेंसरयुक्त घड़ीनुमा राखी।

### रक्षा बंधन पर निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

**झज्जर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हरियाणा परिवहन की बसों में इस वर्ष भी मुफ्त यात्रा सुविधा देने का निर्णय लिया है ताकि बहनें अपने भाइयों के घर जाकर राखी बांध सकें। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा जनहित में पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष भी पिछले महिलाएं अपने 15 साल तक के बच्चों के साथ इस निशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा की सुविधा शुक्रवार दोपहर 12 बजे से आंरभ होगी तथा शनिवार के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी। यह सुविधा साधारण बसों में दी जाएगी।

### राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

पंडित गुलशन ने बताया कि अबकी बार राखी बांधने का मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा राखी बांधने का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 22 मिनट से सुबह 5 बजकर 4 मिनट तक रहेगा। उन्होंने बताया कि लगभग हर साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहता है लेकिन पूरे 4 वर्ष बाद इस बार ऐसे संयोग बन रहा है कि 9 अगस्त को भद्रा का साया नहीं रहेगा। दरअसल भद्रा का साया इस बार आठ अगस्त को दोपहर दो बजकर बारह मिनट पर शुरू होगा। जिसका समापन नौ अगस्त की अलसुबह एक बजकर बावन मिनट पर होगा।

# बरामदे की छत गिरी मलबे में दबने से मौत



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल में एक बरामदे की छत गिरने के कारण नीचे सो रहे व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान डीघल निवासी करीब 47 वर्षीय पवन पुत्र रणधीर के तौर पर हुई है। रणधीर पशु की देखभाल के लिए मकान के बरामदे में सोया हुआ था। रात को अचानक छत का मलबा सोये हुए पवन पर आ गिरा गया। मलबे के नीचे दबने से आई गंभीर चोटों के कारण पवन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी हैं? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अक्सर ही देखा जा सकता है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।

## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोऊ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोऊ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला-संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

### देश में बन रहा रेन म्यूजियम

बच्चो, अपने देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।




बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व
शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।
भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत

बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *




**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर



कहानी
हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा। अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता
डॉ. फहीम अहमद




## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार

## रंग भरो-181

**रंग भरो-181** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा



मानस, राजनांदगांव

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप


झज्जर। होनहार खिलाड़ी हितेश गुलिया।

### हितेश गुलिया का भारतीय बॉक्सिंग टीम में हुआ चयन

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर निवासी होनहार मुक्केबाज हितेश गुलिया का भारतीय बॉक्सिंग टीम में चयन हुआ है। बाक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि हितेश गुलिया का चयन भारतीय बॉक्सिंग टीम में हुआ है। वह 70 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगा। यह प्रतियोगिता इंग्लैंड के लिवरपूल में आयोजित होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप है। जिसमें विश्व के शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि हितेश गुलिया की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गर्व हुआ है। उन्होंने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों को महिला अपराध के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** झज्जर पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिला थाना बहादुरगढ़ की प्रबंधक नीलम ने एक इंस्टीट्यूट की छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध और साइबर क्राइम से बचाव के बारे में जागरूक किया। एसआई नीलम ने छात्राओं को डायल 112 और ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के लिए जरूरी सुझाव दिए।

### हरियाणा सब जूनियर टीम चयन के लिए ट्रायल दस को

**बहादुरगढ़।** आसाम में होने जा रही नेशनल सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की टीम तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। इस सिलसिले में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 10 अगस्त को गांव लोवा खुर्द में ट्रायल का आयोजन होने जा रहा है। सुरेश जून ने बताया कि ट्रायल के दिन सुबह 9 बजे खिलाड़ियों की एंट्री करवाई जाएगी। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगी, जिनकी जन्म तिथि एक जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2013 के बीच है। इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे।

## खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# अंडर-19 आयु वर्ग में मयंक ने योग में तथा सुचिता ने 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में एसकेजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु वर्ग में मयंक ने योग में तथा सुचिता ने 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। खेल शिक्षक धर्मबीर सिंह ने बताया कि उनके स्कूल के खिलाड़ी विशाल ने जैवलिन थ्रो में द्वितीय तथा सुशांत ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयु वर्ग में गौरव ने 1500 मीटर दौड़ तथा नवरत्न ने कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुरुचि ने 400 मीटर दौड़ व किंशुक ने शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-11 आयु वर्ग में कार्तिक ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दोहरा स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा देव ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय और कार्तिक ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर एसकेजी शिक्षा समिति भाकली के प्रधान रायसिंह, संचालक श्याम सिंह व प्राचार्य पवन कुमार ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी, स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। शिक्षक के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### ब्लॉक स्तरीय में एलए स्कूल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए हैं। ट्रेक इवेंट्स में प्रिंस ने 200 मीटर, 400 मीटर, 100 गुणा 4 व 400 गुणा 4 मीटर रिले रेस में पहला स्थान प्राप्त किया। लक्की ने 100 गुणा 4 व 400 गुणा 4 रिले रेस में, नवीन व ध्रुव ने 100 मीटर, 200 मीटर, 100 गुणा 4 व 400 गुणा 4 मीटर रिले रेस, मंदीप व वंश बसीवाल ने बॉक्सिंग स्पर्धा में अपने-अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार सागर 400 गुणा 4 रिले रेस व 3 किलोमीटर की लॉग रेस में प्रथम, मोहित 400 गुणा 4 मीटर की हर्डल रेस में द्वितीय रहा। रेसलिंग में आशीष द्वितीय रहा जबकि जैवलिन थ्रो में नवीन व बैडमिंटन में प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सागर ने 200 मीटर रेस में तीसरा तथा प्रिंस ने ताईक्वांडो में पहला स्थान हासिल करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने डीपीई अमित लोहचब व संजीत सांगवान के योगदान की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को मेडल व प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव व भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कैंब्रिज के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। संस्थान के खिलाड़ियों ने कई पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के कोच पवन जाखड़ ने बताया कि संस्थान की छात्रा प्रियांशी ने डिस्कस थ्रो व हैमर थ्रो में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि दिशा ने 53 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। विद्यालय प्रबंधक बिमला यादव व उमेश भारद्वाज ने विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### साक्षी ने कुश्ती और नंदिता ने 400 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

**झज्जर।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में चल रही जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की खिलाड़ी छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में मेडल जीते। एथलेटिक्स कोच रवींद्र कुमार ने बताया कि पहले दिन की जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा नंदिता ने अंडर-19 आयु वर्ग की 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी ने अंडर-17 आयु वर्ग के 46 किलोभार वर्ग में कुश्ती में पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार गीत ने अंडर-19 आयुवर्ग की 4000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में प्रथम और 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रीतिका ने डिस्कस थ्रो पहला तथा जैवलिन थ्रो में दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्नेहा 800 मीटर दौड़ में द्वितीय रही। अंडर –14 आयु वर्ग की बास्केटबॉल टीम ने जहां तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं छात्रा पलक ने 400 मीटर रेस और हिमानी ने लंबी कूद प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता खिलाड़ी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ कॉलेज स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

### राखी बनाओ प्रतियोगिता में सुहानी प्रथम व लक्ष्मी को मिला दूसरा स्थान

**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम शर्मा द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सुहानी ने प्रथम स्थान, लक्ष्मी ने दूसरा और सविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य आनंद कादियान व डॉ. समता ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। निर्णायक मंडल में डॉ. मंजू रानी, शर्मिला और डॉ. पूनम चौधरी शामिल थी।

## रेखाचित्र के माध्यम से किया टैगोर को नमन



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया गुरु रवींद्रनाथ टैगोर का रेखाचित्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने गुरु रवींद्रनाथ टैगोर जी की पुण्यतिथि पर उनका विशाल रेखाचित्र बनाकर श्रद्धाजंलि अर्पित की। मुकेश शर्मा ने बताया कि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रीय गान की रचना की थी। उनका निधन 7 अगस्त,1941 को कोलकाता में हुआ था। सभी भारतीयों को उनके जीवन पर गर्व है। इस चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, रमेश कौशिक, नसीब कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा आदि ने उपस्थित रहकर गुरु रवींद्रनाथ टैगोर जी को नमन किया।



### टैगोर को चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

बहादुरगढ़। गुभाना गांव के लोकहित पुस्तकालय में समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने रविंद्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन के बारे में जानकारी दी। सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जयभगवान, पहलवान रामकुमार, सुदेश कौशिक, सतबीर कौशिक व दीपक आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### चेयरपर्सन ने उठाई नगर की समस्याएं

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बहादुरगढ़ की समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है। हैरत की बात है कि इसमें उन्होंने नगर परिषद की खामियों को भी साफगोई से स्वीकार किया है। डीसी को सौंपे ज्ञापन में चेयरपर्सन ने बताया है कि शहर के विभिन्न डंपिंग प्वाइंट से कई-कई दिन तक कूड़ा नहीं उठाया जाता। वे मान रही हैं कि मेन सड़कों पर 50 प्रतिशत से अधिक स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। इसके अलावा अतिक्रमण, सड़कों पर बेसहारा गौवंश, शहर में डेयरियों से अव्यवस्था, शामलात भूमि के लिए पुलिस सहायता देने की मांग की गई है। उनके अनुसार तहसील में जनरेटर की व्यवस्था नहीं है, अक्सर पटवारी नहीं मिलते, पेयजल व शौचालय बदहाल हैं। बिजली की लटकती तारें खतरा बनी हुई हैं, खंभों से वाई-फाई की तारें हटाई जाएं और ट्रांसफार्मरों की तारबंदी हो। छोटूराम नगर का एसटीपी जर्जर है, नजफगढ़ रोड एसटीपी में भी समस्याएं हैं। पूरे शहर में सीवर की सफाई नहीं हो रही है। गंदा पानी सप्लाई में आ रहा है। मुख्य सड़कों पर गड्ढों को भरा जाए। जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाए। नजफगढ़ रोड को प्राथमिकता से बनवाया जाए।


झज्जर। विभिन्न मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**झज्जर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन अन्य किसान संगठनों के साथ भारत सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 13 अगस्त को पूरे देश में कारपोरेट भारत छोड़ दिवस के रूप में मनाएगा और तहसील तथा जिला स्तर पर ट्रैक्टर, बाइक , पैदल मार्च निकालेगा तथा भारत सरकार की जन विरोधी नीतियों के पुतले दहन करेगा। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने बताया कि भाजपा सरकार प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को लागू कर रही है जो बिजली क्षेत्र को प्राईवेट हाथों में देने की तैयारी है, सरकारी मंडियों को खत्म करने के लिए नई कृषि मार्केटिंग नीति और नई सहकारी नीति का लागू करने की योजना बना रही है, लैंड पुलिंग के जरिए कृषि भूमि छीनने की कोशिश कर रही है, दस साल पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगा दिया है सहित काफी सारी नीतियां किसान कमेरे वर्गों के हितों के खिलाफ है। जिसके कारण विभिन्न किसान संगठनों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।

## अनेक संस्थानों में मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. संजय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, बाल विकास स्कूल व कॉलेज, गोल्डन वैली स्कूल तथा भारतीय स्टेट बैंक में रक्षाबंधन का पर्व अध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। बीके लक्ष्मी दीदी व बीके एंजेल दीदी ने सभी अधिकारियों, स्टाफ, विद्यार्थियों व शिक्षकों को रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मा और परमात्मा के बीच पवित्रता, सुरक्षा और मर्यादा के दिव्य अनुबंध का है। परमात्मा की विशेष सुरक्षा हमें जीवन की अनेक प्रकार की नकारात्मकताओं से सहज रूप से सुरक्षित रहती है। उन्होंने ईश्वरीय स्मृति में राखी बांधी और दिव्य प्रसाद वितरित किया। इस दौरान बीके लक्ष्मी दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराते हुए ईश्वरीय अनुभूति कराई। जीवन में अध्यात्म के महत्व को अपनाने का संदेश दिया।


बहादुरगढ़। संजय हॉस्पिटल में पूनम संजय सिंह को स्मृति चिहन देती ब्रह्मकुमारी।


बहादुरगढ़। विक्रम व संदीप को राखियां बांधती महिला वकील। फोटो :हरिभूमि

### महिला वकीलों ने बांधी राखियां

**बहादुरगढ़।** शहर के कोर्ट परिसर महिला वकीलों ने एडवोकेट विक्रम छिल्लर और संदीप गुलिया को राखियां बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। साथ ही उन्होंने वकीलों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**

**सूचना**

मैं, श्रीपाल पुत्र श्री धर्म सिंह निवासी मकान नंबर 1409, सेक्टर-7, हाउसिंग बोर्ड, बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विकास मलोहत्र व पुत्रवधु रीना मलोहत्र मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, अनीता रानी पत्नी शमशेर सिंह निवासी मकान नंबर-535, सेक्टर-6, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रिशु बाल्यान मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार (पुत्र), कृष्ण कुमार (पुत्र) अनिल कुमार (पुत्र), सुदेश शर्मा (पुत्री), रंजना शर्मा (पुत्री), संजय पुत्र (उर्मिला पुत्री लीलावती), अंजु शर्मा (पुत्री) उर्मिला पुत्री लीलावती) कल्पना शर्मा (पुत्री उर्मिला पुत्री लीलावती), मिनाक्षी शर्मा (पुत्री उर्मिला पुत्री लीलावती) पुत्र/पति/पत्नी श्रीमती लीलावती निवासी इमली वाली गली गांधी चौक द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BQRNLO4 Ward No. 24 कॉलोनी इमली वाली गली जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 108.00 से 108.00 वर्ग गज करवाने हेतु Online Applaication No. 0186633758 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नं 3BV3WKH5 वार्ड नंबर 24 कॉलोनी इमली वाली गली पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नं 3BV3WKH5 वर्ग गज प्रार्थी श्री अशोक कुमार (पुत्र), कृष्ण कुमार (पुत्र) अनिल कुमार (पुत्र), सुदेश शर्मा (पुत्री), रंजना शर्मा (पुत्री), संजय पुत्र (उर्मिला पुत्री लीलावती), अंजु शर्मा (पुत्री) उर्मिला पुत्री लीलावती) कल्पना शर्मा (पुत्री उर्मिला पुत्री लीलावती), मिनाक्षी शर्मा (पुत्री उर्मिला पुत्री लीलावती) पुत्र/पति/पत्नी श्रीमति लीलावती के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी
नगर परिषद, बहादुरगढ़

**सूचना**

मैं, मुकेश पत्नी श्री सुरेश कुमार निवासी गांव लुकसर, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मंजीत उर्फ टिंकू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, उमेश कुमार पुत्र श्री चन्द्र भान निवासी मकान नंबर 458/5, देव नगर, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र सौरभ कौशिक व पुत्रवधु रजनी तथा दूसरा पुत्र अमन कौशिक व पुत्रवधु चंचल व इनके परिवार के सदस्य मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भोले के जयकारों में ऐसी शक्ति है जो भक्त को असीम ऊर्जा प्रदान करती है

# शिव की आराधना करने से मन को मिलती है शांति

■ श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हमेशा अच्छी चीजें व अच्छे साहित्य धार्मिक ग्रंथ पढ़ना चाहिए, ताकि हमारा मन व बुद्धि स्वच्छ रहे। बच्चों के नामकरण से पूर्व अच्छी तरह सोच-विचार कर उनका नाम रखना चाहिए, क्योंकि हमारे जीवन में नाम का बहुत प्रभाव पड़ता है। यह बात कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने बाबा कांशीगिरी मंदिर में चल रही शिवपुराण कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कही। कथा वाचक ने कहा कि सावन मास में केवल इंसान ही नहीं बल्कि प्रकृति पर भी भगवान की कृपा बरसती है। भगवान शिव की आराधना भक्त को मानसिक शांति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि शिव के जयकारों में ऐसी शक्ति है जो भक्त को असीम ऊर्जा प्रदान करती है। इसलिए शिव देवों के देव महादेव कहलाते है। शिव शक्ति के प्रतीक है और संहार देवता है। कथा के दौरान संगीता वर्मा, आशा नागपाल, उषा काठपालिया, पूनम छाबड़ा, संतोष हंस, आशा ग्रोवर, इंदू भुगड़ा सहित अन्य महिला श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए। जिसमें, एक दिन वो भोले भंडारी, बन करके बृज की नारी, गोकुल में आ गए हैं... संगीता, पूनम छाबड़ा संतोष हंस ने भोले डमरू बजा दो एक बार हमारे हरि कीर्तन में..आशा नागपाल ने नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल का घराना हो..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर नारायणी सरदाना, किरण अरोड़ा, हर्ष चावला, संतोष अरोड़ा, किरण वर्मा सहित अन्य महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों पर नृत्य करते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### सीएम नायब सैनी को सौंपा गंगाजल

**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के नाम पर हरिद्वार से बहादुरगढ़ तक साइकिल से कांवड़ लाने वाले भाजपा नेता जसबीर सैनी, रोहित प्रधान व जीवन सैनी ने वीरवार को सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। उन्हें कांवड़ यात्रा के दौरान लाया गया गंगाजल भी सौंपा। उनके साथ ब्रह्माकुमारी अंजलि, बीके विनीता, रामफल, सुरेंद्र, सतीश, शिवकुमार, लवकेश व संदीप ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए बहादुरगढ़ की दो टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सट्टा खाईवाली करते दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी चंदन निवासी जटवाड़ा मोहल्ला से 3550 रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद की। वहीं हैप्पी निवासी सांखोल से 5120 रुपये व पर्चियां बरामद की गईं। दोनों के खिलाफ थाना शहर बहादुरगढ़ में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सैनिक परिवार भवन में एडमिशन शुरू

**झज्जर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थित सैनिक परिवार भवन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कोपा, स्टेनो हिंदी और स्टैनों इंग्लिश में एडमिशन के लिए आम लोगों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्राचार्य ने बताया कि एडमिशन के लिए विभागीय वेबसाईट पर 11 से 22 अगस्त तक ऑनलाईन अप्लाई कर सकते है।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा पचास प्रतिशत अनुदान

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया जिला में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा चालू वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों से फसल अवशेषों को खेत में मिलाने व पराली प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। किसान विभागीय पोर्टल पर बीस अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## जल निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं, दूबलधन गांव के ग्रामीण परेशान

# घरों से खेत तक पानी ही पानी जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित

हरिजन कालोनियों, पीपाला कांधावाली व कालियावाला में जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। सभी जोहड़ व तालाब ओवरफ्लो हो गए है तथा श्रद्धा की धर्मशाला और तिहाग मोहल्ले में पानी से दुर्गंध उठ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर





झज्जर। दूबलधन गांव की गलियों में भरा बरसाती पानी व गांव के बुढ़ो माता मंदिर के चारों ओर भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

जल निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण माजरा दूबलधन गांव में जल भराव विकराल रूप धारण करता जा रहा है। हरिजन कालोनियों, पीपाला, कांधावाली व कालियावाला में जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। सभी जोहड़ व तालाब ओवरफ्लो हो गए है तथा श्रद्धा की धर्मशाला और तिहाग मोहल्ले में पानी से दुर्गंध उठ रही है। जिससे लोगों का जीना दुभर हो गया है। लोगों को बीमारियां फैलने का डर सताने लगा है।

बाहरी कॉलोनियों का गांव से संपर्क टूट गया है। सिवाना माइनर से जो पानी चार दिन पहले आना शुरू हुआ था वह अब तक आ ही रहा है। जबकि कालियावाला और पीपाला में लिफ्ट सिस्टम पर मोटर बंद हो गई हैं। क्योंकि लोहारू कैनाल पर जो पंप सिस्टम था उसकी दोनों मोटरों ने जवाब दे दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि चंडाली, दिमाणी, देवालय धाम से लोहारू कैनाल जाने वाले भूमिगत पाइपलाइन भी जगह-जगह धंस गई है तथा वह भी जल निकासी का काम नहीं कर रही है।

इससे हरिजन कालोनियां में पानी का जलस्तर बढ़ गया है। गांव की फिरनियों पर पानी भरा हुआ है। ग्रामीण प्रेमपाल का कहना है कि विभागीय स्तर पर जल भराव को रोकने के लिए कोई खास प्रबंध नहीं किए गए है। जिसके कारण पिछले एक सप्ताह से माजरा गांव के ग्रामीण परेशान है। बुधो माता मंदिर के चारों ओर भी जलभराव होने के कारण श्रद्धालु मंदिर में नहीं पहुंच पा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासनिक स्तर पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## शिक्षा में डिजिटल टूल्स का उपयोग बढ़ाने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



■ वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में गवर्निंग बॉडी की बैठक सम्पन्न

बहादुरगढ़। कोमल गुप्ता को सम्मानित करती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एमडीयू के वीसी द्वारा नामित प्रोफेसर आशीष दहिया ने की। बैठक में महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रगति से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारों को बढ़ावा देने एवं छात्र-हित में निर्णय लिए गए। कॉलेज की पूर्व छात्रा कोमल गुप्ता को 'पेंसिल की नोक पर कलाकृति' बनाने के लिए हरियाणा राज्य सरकार द्वारा स्टेट अवार्ड से नवाजा गया था।

कोमल पौधारोपण गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। उसे कॉलेज में प्रिंसिपल व प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इससे पहले प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के साथ प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने आशीष दहिया का स्वागत किया। प्रोफेसर आशीष दहिया ने बैठक में डिजिटलीकरण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावशाली, पारदर्शी एवं सुलभ बनाने के लिए डिजिटल टूल्स का उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने तकनीकी नवाचारों को महाविद्यालय में लागू करने की दिशा में सकारात्मक सुझाव दिए। प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने बैठक में महाविद्यालय के सतत विकास एवं नवाचारों को अपनाने की दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि हम डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावशाली व सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। अन्य सदस्यों ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा भावी अध्यापिकाओं कल्याण योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

## मांडोठी में बाइक सवार युवक पर डंडों से हमला

**बहादुरगढ़।** मांडोठी में बाइक सवार एक युवक पर पांच लोगों ने हमला कर दिया। डंडों से उस पर प्रहार किए गए। इस हमले में युवक को काफी चोट आई। हमले की वजह स्पष्ट नहीं है और न ही हमलावरों की पहचान हो पाई है। मांडोठी चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात खरमाण के निवासी अनिल के साथ हुई है। अनिल का कहना है कि रात करीब साढ़े सात बजे वह बहादुरगढ़ से मातन की तरफ जा रहा था। जब मांडोठी के निकट पहुंचा तो रास्ते में दो बाइक पर सवार पांच युवक नजदीक आए। चलती बाइक पर मुझे डंडा मारा। इसके बाद बाइक रुक गई तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमलावर कौन थे और किन कारणों से उन्होंने वारदात की, इस बारे में उसे कुछ मालूम नहीं। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही इस केस को सुलझाया जाएगा।



बहादुरगढ़। भापड़ोदा में सड़क निर्माण का शिलान्यास करते राजपाल जांगड़ा।

## भापड़ोदा में बनेगा श्मशान का रास्ता

**बहादुरगढ़।** गांव भापड़ौदा में श्मशान घाट के रास्ते को पक्का करने 15 लाख रुपए खर्च होंगे। इसका शिलान्यास भाजपा के पूर्व जिला प्रधान राजपाल जांगड़ा ने किया। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप राठी व पार्षद अमित कौशिक भी विशेष रूप से मौजूद रहे। रास्ते को पक्का करवाने के लिए मुकेश कौशिक व संदीप राठी ने केबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा व श्याम सिंह राणा के समक्ष मांग रखी थी। जिसके बाद अब रास्ते का निर्माण करवाया जा रहा है।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई आज

**झज्जर।** शुक्रवार को वीरवार को बिजली उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। फोरम का आयोजन बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान सिटी सब डिविजन, सब अर्बन डिविजन, सब डिविजन माछरौली, सब डिविजन बादली क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। यदि कोई उपभोक्ता उपमंडल अभियंता के फैसले से संतुष्ट नहीं है, वह चेयरमैन एवं कार्यकारी अभियंता के समक्ष अपनी बात रख सकता।



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## गरीबों के प्लॉटों से कब्जे हटवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** गांव जसौर खेड़ी के ग्रामीणों ने वीरवार को विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपकर गरीबी रेखा के तहत आवंटित प्लाटों पर अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार गांव के 99 बीपीएल परिवारों को प्लाट आवंटित किए गए थे, लेकिन उन पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है। विधायक राजेश जून ने उनकी बात सुनने के बाद एसडीएम नसीब कुमार से कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करें। गरीबों के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




झज्जर। शिक्षकों के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में पौधरोपण करती छात्राएं।

## पौधरोपण के साथ ली देखभाल की शपथ

**झज्जर।** डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों व छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। कॉलेज के चेयरमैन रमेश रोहिल्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा। कार्यक्रम में छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर मां के नाम एक-एक पौधा रोपित करते हुए उसकी देखभाल की शपथ ली। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागरुक करते हैं।

## महिला आईटीआई में भी होंगे ऑन स्पॉट एडमिशन

**बहादुरगढ़।** औद्योगिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा बहादुरगढ़ की राजकीय महिला आईटीआई में भी रिक्त सीटों पर ऑन स्पॉट दाखिले की प्रक्रिया का शेड्यूल जारी किया है। प्रधानाचार्या मायमंती ने बताया कि संस्थान में लड़कियों के लिए चल रहे सभी ट्रेड्स में स्वरोजगार व रोजगार के बहुत अवसर है। यहां एम्ब्रॉयडरी, कॉस्मेटोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइन, सिलाई तकनीकी, कोपा व इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक ट्रेड में सीट उपलब्ध हैं। दाखिले की नोडल अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि रिक्त सीटों पर ऑन स्पॉट एडमिशन के लिए 11 अगस्त को रिक्त सीटों की सूची विभाग की वेबसाइट पर आएगी। नए आवेदन 11 से 22 अगस्त तक ऑनलाइन होंगे। इस दौरान हर रोज मेरिट कार्ड वेबसाइट पर दिए जाएंगे। मेरिट के आधार पर 12 से 14 अगस्त व 18 से 22 अगस्त एडमिशन होंगे। आवेदक को उसी दिन अपनी ऑनलाइन फीस जमा करवानी होगी।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**झज्जर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन आगामी 26 अगस्त को जिला भर में किया जाएगा। भारत सरकार और एनएचएम, हरियाणा आगामी 18वें डीवॉर्मिंग राउंड को संस्थान आधारित निश्चित दिन के दृष्टिकोण से लागू करने के लिए तैयार है। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने वीरवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्त कार्यक्रम, मलेरिया और डेंगू की रोकथाम को लेकर अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही। राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 26 अगस्त को होगा और 2 सितंबर 2025 को मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के 3 लाख 13 हजार 508 बच्चों और 26 हजार से ज्यादा महिलाओं को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** वीरवार को संस्कारम नर्सिंग कॉलेज खातीवास में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। आमजन में जागरूकता लाने के लिए बीएससी नर्सिंग की छात्राओं द्वारा स्तनपान पर पोस्टर व मॉडल प्रदर्शनी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यार्थियों ने स्किट व क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से स्तनपान के महत्व की जानकारियां सांझा की। विद्यार्थियों सहित कॉलेज के अध्यापकों ने मां के दूध के महत्व पर भाषण पेश किया। विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए व उनकी प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व में स्तनपान के द्वारा शिशुओं के स्वास्थ्य में बदलाव से माताओं को जागरूक करने व उनकी जिम्मेदारियों को अवगत कराना रहा। इस सत्र में स्तनपान की शुरुआत जल्दी करने, छह महीने तक केवल स्तनपान कराने, दो साल तक स्तनपान जारी रखने, फॉर्मूला दूध से परहेज और इसके नुकसान, स्तन दूध की स्थिति और जुड़ाव, दूध निकालने और भंडारण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत मे विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## सामान लेने पर टैंपो चालक की हुई पिटाई

**बहादुरगढ़।** नयागांव में एक व्यक्ति पर डंडे से हमला कर दिया गया। हमले में उसे काफी चोट आई और पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात धर्मबीर के साथ हुई है। बरोदा के निवासी धर्मबीर का कहना है कि वह फिलहाल यहां बहादुरगढ़ में रहता है और टैंपो चलाता है। नयागांव में उसकी एक परिचित महिला रहती है। उस महिला के पास उसने अपना कुछ सामान रखा था। हाल ही में उस महिला से बात करके वह अपना सामान लेने उसके मकान पर चला गया। जब मकान से अपना सामान टैंपो में डाल रहा था तो उस महिला का भाई आ गया। कहने लगा कि सामान नहीं ले जाने दूंगा। मैंने एतराज किया तो उसने मुझ पर डंडे से हमला कर दिया। जब वह महिला व पड़ोसी बीच बचाव करने लगे तो हमलावर धमकी देकर भाग गया। हमले में मुझे काफी चोट आई। चिकित्सकों ने पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।



बहादुरगढ़। साथियों के संग चुने गए पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## नवीन व राजेश बने सब यूनिट के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एचएसईबी वर्कर यूनियन की एडहॉक कमेटी के निर्देश पर सब यूनिट स्तर पर त्रिवार्षिक चुनाव कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बहादुरगढ़ में सिटी सब यूनिट एक और दो के चुनाव कराए गए। यूनिट प्रधान बिजेंद्र फोगाट व सचिव बलवंत यादव चुनाव अधिकारी रहे, जबकि संजीव ने चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुन लिए गए। सिटी वन का प्रधान एलएम नवीन पंघाल को बनाया गया है, जबकि राकेश कुमार सचिव बने हैं। एएफएम रोहित ठाकरान को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। सिटी टू में एलएम राजेश कुमार प्रधान, एएसएसए मनोज शर्मा सचिव व एलडीसी धनराज कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

## चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी में हुई जिला स्कूली गर्ल्स तैराकी स्पर्धा

# तैराकी प्रतियोगिता में छाई स्कूली छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जिला स्कूल गर्ल्स तैराकी प्रतियोगिता शुरू करवाते अनिल खत्री।

चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में जिला स्कूल गर्ल्स तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने मुख्यअतिथि के तौर पर व्हिसल बजाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के विजेता तैराक राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना के मार्गदर्शन में जिला स्कूल गर्ल्स तैराकी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के संयोजक डीपीई संदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-14 आयुवर्ग की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रॉक में जीडी गोयनका स्कूल की छात्रा नव्या ने प्रथम और सहवाग स्कूल की वीरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 50 मीटर बैकस्ट्रॉक में जीडी गोयनका की पूर्वी ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि 50 मीटर फ्री स्टाईल में जीडी गोयनका स्कूल की शताक्षि ने पहला और सहवाग स्कूल की वीरा ने दूसरा और जीडी गोयनका की नव्या ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में जीडी गोयनका स्कूल की हर्षिता ने पहला स्थान हासिल किया है। जबकि 100 मीटर बटरफ्लाई में जीडी गोयनका की शताक्षि ने पहला और इरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 200 मीटर फ्री स्टाईल में हर्षिता ने पहला स्थान हासिल किया है। जबकि 100 मीटर फ्री स्टाईल में जीडी गोयनका की छात्रा हर्षिता ने पहला और सहवाग स्कूल की वीरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर बैकस्ट्रॉक में जीडी गोयनका की पूर्वी ने पहला स्थान हासिल किया है। अंडर-17 आयुवर्ग की 200 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में राजकीय स्कूल खोरड़ा की अंजलि ने पहला स्थान हासिल किया।

वहीं 400 मीटर फ्री स्टाईल में जीडी गोयनका की तेजस्वी ने पहला और संस्कारम स्कूल की शानवी ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि 100 मीटर बैकस्ट्रॉक में राजकीय स्कूल खोरड़ा की वर्षा ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में खोरड़ा स्कूल की अंजलि ने पहला स्थान हासिल किया है। वहीं 200 मीटर फ्री स्टाईल में जीडी गोयनका स्कूल की तेजस्वी ने पहला स्थान हासिल किया है।

उधर, 50 मीटर फ्री स्टाईल में राजकीय विद्यालय खोरड़ा की वर्षा पहले और बीआरपीएस दुजाना की भावना दूसरे स्थान पर रही। जबकि 50 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में खोरड़ा राजकीय स्कूल की अंजलि ने पहला स्थान हासिल किया है। वहीं 100 मीटर फ्री स्टाईल में खोरड़ा राजकीय विद्यालय की वर्षा पहले और गोयनका स्कूल की तेजस्वी दूसरे स्थान पर रही। इस दौरान प्राचार्या प्रवीन कुमारी, सुरेश जून, डीपीई मंजीत, डीपीई उर्वशी, डीपीई जयवीर, डीपीई दिनेश, कोच साई जाधव, पदमपाल, कृष्णमुरारी, विशाल और कोच अमित भी मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



बेरी। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

**बेरी।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और भूमि रिकॉर्ड आदि से जुड़ी समस्याएं दर्ज हुई। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का हल एक ही स्थान पर मिले।

## पॉवर लिफ्टिंग में अमित ने जीता स्वर्ण पदक



**बहादुरगढ़।** नेशनल मास्टर्स पुरुष व महिला क्लासिक एंड इक्यूपीड पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पॉवर लिफ्टिंग खिलाड़ी एवं कोच अमित दलाल ने स्वर्ण पदक जीता है। केरल में 2 से 7 अगस्त तक हुई स्पर्धा में स्क्वाट, बैंच और डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीत कर अमित दलाल ने स्ट्रॉंग मैन ऑफ इंडिया का खिताब हासिल किया।

## कराटे प्रतियोगिता में लड़कियों ने दिखाया दमखम



बहादुरगढ़। खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर मुकाबले शुरु करवाती किरण मक्कड़।

**बहादुरगढ़।** वीरवार को सेक्टर-2 स्थित केआर मंगलम स्कूल में जिला स्तरीय स्कूली खेलों के तहत लड़कियों की कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एसआर सेंचुरी स्कूल से रिद्धिमा, पारुल, दिव्यानी, मुस्कान, तनीषा, रिया जांगड़ा, तिया और खुशी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जीडी गोयनका स्कूल की चंसी चावला, रैशा, चेतना और लाव्या पहले स्थान पर रहीं। बाल भारती स्कूल की एल्सा छिल्लर, वर्षिता देशवाल और दीपांशी तोगड़िया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान पाया। राजकीय कन्या महाविद्यालय की नीरू, हरदयाल स्कूल की निधि व एंजेल, श्री रामा भारती स्कूल की वंशिका, डोयल, हरनूर, छवि और राधिका प्रथम रही। केआर मंगलम स्कूल की मुदिता और तृषा राठी, न्यू बाल विकास स्कूल की गंगा, राजकीय कन्या स्कूल नूना माजरा की कल्पना और ऋषिकुल स्कूल की प्रियांशी आदि अपने-अपने वर्ग में टॉप रहे।